फोन पे से खाते से ६० हजार रुपये उड़ाए

जबलपुर, (एजेंसी)। माढ़ोताल क्षेत्र में एक व्यक्ति के बैंक खाते से यूपीआई के जरिए ६० हजार रुपये निकाल लिए गए। ग्रीनसिटी गजानन परिसर निवासी ५३-वर्षीय रमाकांत नेमा ७ अक्टूबर की सुबह करीब ९ बजे अपने अपेक्स बैंक (राइट टाउन शाखा) के खाते से फोन पे द्वारा पैसे भेज रहे थे, तभी मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पे पिन डाले जाने का अलर्ट आया।

थाना प्रभारी के अनुसार जांच करने पर १०-१० हजार रुपये के ६ ट्रांजेक्शन में कुल ६० हजार रुपये कटे मिले। बैंक से पता चला कि रकम किसी अन्य के यूपीआई खाते में गई है। रमाकांत ने न कोई लिंक खोला, न ओटीपी दिया और न कोई ऐप डाउनलोड किया। रिपोर्ट पर धारा ३१८(४) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जाब का झांसा देकर ३० हजार रुपये की ठगी

माढ़ोताल क्षेत्र में वर्क फ्रॉम होम जॉब के नाम पर एक महिला से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। अमृत तीर्थ जैन मंदिर के पास करमेता निवासी २९-वर्षीय अंजली जैन ने लिंक्डइन ऐप पर नौकरी के लिए आवेदन कर गूगल फॉर्म भरा था। २३ सितंबर की शाम ७:४२ बजे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें खुद को सारिक बताने वाले व्यक्ति ने फिजिक्स वाला का एच.आर. बताया। थाना प्रभारी के अनुसार २४ सितंबर की सुबह उसी नंबर से दोबारा फोन कर फाइनल लिस्ट में चयन की बात कही गई और आईडी तथा पुराना ऑफर लेटर मांगा गया। आरोपी ने अंजली के खाते में ४ हजार रुपये भेजे और वेलकम किट के नाम पर ३६०० रुपये मांगे। अंजली ने भेजे गए क्यूआर कोड पर रकम डाल दी, लेकिन ट्रांजेक्शन फेल बताकर दोबारा क्यूआर भेजा गया। इसी तरीके से उनके खाते से कुल ३० हजार रुपये निकल गए। परिचित आकाश ने ऑफर फर्जी बताया। रिपोर्ट पर धारा ३१८(४), ३१९(२) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मारपीट कर आटो चालक का पर्स लूटकर भागे बाईकर्स

जबलपुर, (एजेंसी)। गढ़ा थाना अतंर्गत प्रेमनगर कलारी के पास एमजी शोरूम के पास बाईक सवार दो अज्ञात लड़कों ने एक आटो चालक के साथ मारपीट कर उसका पर्स छीनकर ले गएर्ए पर्स में ३ हजार ५०० रुपए रखे हुए थे।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एलआईसी के सामने गढ़ा निवासी ६३ वर्षीय ई रिक्शा चालक विमल विश्वकर्मा गत रात लगभग १०.३० बजे प्रेमनगर से अपने ई रिक्शा क्रमांक एमपी २० जेड एक्स ४३९८ से एक सवारी को लेकर जा रहा था, जैसे ही प्रेमनगर कलारी के पास एमजी शोरूम के पास पहुंचकर सवारी उतार कर खड़ा था तभी मदनमहल तरफ से काले रंग की मोटर सायकल में दो अज्ञात लड़के आये और उसके साथ मारपीट कर उसका पर्स झपटकर मोटर सायकल से एलआईसी तरफ भाग गये। पर्स में लगभग ३ हजार ५०० रूपये रखे थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा ११५(२), ३०४(२) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शक्ति उपासना का महापर्व शारदेय नवरात्र आज से

जबलपुर, (एजेंसी)। शक्ति की भक्ति का महापर्व नवरात्र ११ अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। २० अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। भगवती की आराधना के इस वर्ष १० दिन होगंर्ी महापर्व के प्रथम दिन बैठकी पर देवी देवालयों मंडपों में घट स्थापना के साथ जवारे बोये जाएंगे। इस बार मां गज पर सवार होकर आयेगी। पूरे नौ दिन तक मां जगदंबे की आराधना भक्त अपनी शक्ति अनुसार करेंगे। इस दौरान शहर भर के देवी मंदिरों को जगमग रोशनी से सजाया गया है। आज बैठकी पर ब्रम्ह मुहुर्त से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। घर मंदिरों तथा दुर्गा पंडालों में पूजा पाठ घट स्थापना के साथ साधना, भक्ति का उजास चौतरफा फैलेगा। इसी के साथ ही व्रत उपवासका क्रम भी प्रारंभ होगा, जो पूरे नौ दिनों तक चलेगा।

मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धा और भक्ति

नगर के शक्ति पीठों बड़ी खेरमाई मंदिर, भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई, चारखंभा, काली मंदिर सदर, शारदा मंदिर मदनमहल, छोटी खेरमाई दीक्षितपुरा, खेरमाई मंदिर मानस भवन के पीछे, दुर्गा मंदिर गलगला, हरदौल मंदिर गंजीपुरा, बंगलामुखी शक्तिपीठ सिविक सेंटर के अलावा शहरके अन्य दुर्गा मंदिरोंमें तैयारियांकी गई है।

इस साल १० दिन का नवरात्रि होगा

प्रथम दिन, मां शैलपुत्री का पूजन

नवरात्र के प्रथम दिन भगवती शैलपुत्री के पूजन का विशेष महत्व है। आज के दिन दो वर्ष की कन्या को आमंत्रित कर उनका पूजन किया जाता है। उन्हें मिष्ठान, वस्त्र भेंट किए जाते हैं। आज के दिन असाध्य रोगों की मुक्ति के लिए भगवती का पूजन अवश्य करना चाहिए।

बड़ी महाकाली की स्थापना आज

गढ़ाफाटक की प्रसिद्ध बड़ी माता महाकाली की विशाल प्रतिमा आज बैठकी को स्थापित की जायेगी। १४ फुट की महाकाली न बल्कि जबलपुर में बल्कि पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है और दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते है, समिति ने बताया कि आज शाम ६ बजे भव्य आयोजन के साथ प्रथम दर्शन का आयोजन किया गया हैं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की है।

बंगलामुखी मंदिर में अखंड ज्योति कलश की स्थापना

शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर माता बगलामुखी मंदिर में होंगे धार्मिक आयोजन भक्तों द्वारा भगवती की अखंड ज्योति कलश स्थापित होंगी।

बगलामुखी माता के दरबार में ११अक्टूबर से २० अक्टूबर तक शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। नवरात्रि के ९ दिन तक प्रात: काल से रात्रि पर्यंत भगवती की आराधना चलेगी सर्वप्रथम प्रात: काल भगवती का श्रृंगार अर्चन किया जाएगा दोपहर में भगवती का पूजन आरती भोग लगाया जाएगा सायंकाल भगवती का श्रृंगार अर्चन एवं रात्रि में महा आरती विशेष पूजन ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज द्वारा किया जाएगा यज्ञशाला में भक्तों द्वारा अखंड ज्योति स्थापित की जाएंगंर्ी

रांझी में मनोकामना महाकाली की स्थापना आज

रांझी में सोमवार को विधि विधान से मां मनोकामना महाकाली की स्थापना की जायेगी तथा पूरे नौ दिन विभिन्न आयोजन किए जाएंगे,जिसमें प्रतिदिन सुबह ८.०० एवं शाम ७.०० बजे माता की आरती की जाएगी. शनिवार को प्रात: ११ बजे से माता की विदाई विसर्जन शोभायात्रा रांझी दर्शन सिंह तिराहा से निकाली जाएगी जो गौरीघाट कुंड पहुंचेगंर्ी मां मनोकामना महाकाली समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक धर्म लाभ लेने की अपील श्रद्धालुओं से की है।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर पिंडदान और श्राद्ध भोज

नर्मदा तटों पर पितरों को दी गई भावभीनी विदाई

जबलपुर, (एजेंसी)। पितृ मोक्ष अमावस्या पर शनिवार को पितरों को वर्ष भर के लिये विदाई दी गई। पिण्डदान कर पितरों का तर्पण किया गया, वहीं श्राद्ध कर्म के साथ ब्राह्मणों और मानदान को भोज कराकर विदाई दी गई। कर्मकाण्ड के मुताबिक पितृ ऋण से मुक्ति के लिये सनातन धर्म में श्राद्ध व तर्पण का विधान है। श्राद्ध पक्ष के पखवाड़े भर नर्मदा के तटों पर जाकर श्रावक अपने पूर्वजों का आह्वान करते हैं और उनकी तिथि पर कागौर डालकर ब्राह्मण भोज कराने के बाद कौवों को भोग भी लगाया जाता है। शनिवार को सुबह से ही नर्मदा तटों पर भीड़भाड़ रही। अश्विनी कृष्ण क्वांर पक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ श्राद्ध का दिन माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिन परिजनों को अपने पूर्वजों की श्राद्ध तिथि ठीक से ज्ञात नहीं रहती या किसी कारण बस उनकी तिथि पर श्राद्ध नहीं कर पाते तो पितृमोक्ष अमावस्या के दिन श्राद्ध किया जाता है। यह बात शास्त्र सम्मत भी है।

पृथ्वीलोक पर आते है पूर्वज

ऐसी मान्यता है। कि श्राद्ध पक्ष में आये पूर्वज पितृमोक्ष अमावस्या के दिन पृथ्वी लोक पर आते है। अत: उनके प्रतिनिधि के रूप में परिजन ब्राम्हण भोज, गाय एवं कौवों को भोजन कराकर पितरों की आत्मा को शांति प्रदान करते हैं। इस दिन नर्मदा तट पर स्नान ध्यान कर परिजन पिंडदान करके पितरों को बिदाई भी देते हैं। पितृपक्ष के पहले दिन नर्मदा तटों पर पूर्वजों का आव्हान भी किया जाता है। और पितृमोक्ष अमावस्या के दिन बिदाई की जाती है।

पितरों का मिलता है आर्शीवाद

वैदिक परम्परा के अनुसार इस संसार में पितृपक्ष के दौरान अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक पिण्डदान कर और ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं, उनको इस जीवन में सभी सांसारिक सुख ओर भोग प्राप्त होते हैं। श्राद्ध करने वाले गृहस्थ स्वर्गलोक, विष्णुलोक में स्थान मिलता है और इस लोक में भी सुखी जीवन व्यतीत करते हैं। श्राद्ध पक्ष का पखवाड़ा समाप्त होने के साथ ही शुभ कार्यों पर लगी रोक और नई वस्तुओं पर खरीददारी पर लगा अंकुश भी समाप्त हो जायेगा, जिससे बाजारों में तेजी आ जायेगी।

एक्सपायरी डेट की ड्रिप चढ़ाने और गलत इलाजसे युवककी मौतका आरोप

अश्वनी अस्पताल के झोला छाप डाक्टर पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज

जबलपुर, (एजेंसी)। कटंगी थाना क्षेत्र के बेलखाड़ू के खैरी गांव स्थित अश्वनी अस्पताल में इलाज के दौरान १८ वर्षीय युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अस्पताल में इलाज करने वाले सतीश साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा १०५ के तहत गैरइरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक को बिना उचित जांच के इंजेक्शन और दवाइयां दी गईं तथा उसे चढ़ाई गई ड्रिप की एक्सपायरी डेट नवंबर २०२५ थी। मामले की जांच के दौरान चिकित्सा विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इलाजकर्ता के पास चिकित्सा संबंधी डिग्री या डिप्लोमा नहीं मिलने पर अश्वनी अस्पताल को सील कर दिया गया। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की डीबीआर और उपचार में इस्तेमाल की गई सामग्री भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, बेलखाड़ू के भट्ठा मोहल्ला निवासी शेखर चौधरी को २ अक्टूबर की रात करीब ११:३० बजे पेट में दर्द होने पर परिजन अश्वनी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां सतीश साहू ने उसके हाथ और कमर के पीछे कुल नौ इंजेक्शन लगाए और दवाइयां दीं। सुबह करीब ४:३० बजे कुछ आराम मिलने पर परिजन उसे घर ले गए। हालांकि, ३ अक्टूबर की सुबह करीब ८ बजे शेखर के पेट में दोबारा दर्द और हाथ-पैर में जलन होने लगी, जिसके बाद उसे फिर अस्पताल लाया गया। परिजनों के मुताबिक, अस्पताल में दोबारा उपचार के दौरान सतीश साहू ने शेखर को इंजेक्शन और ड्रिप लगाई। करीब आधे घंटे बाद सुबह ९:४५ बजे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने इलाज में लापरवाही और एक्सपायरी दवाओं के इस्तेमाल की आशंका जताई। उन्होंने उपचार में इस्तेमाल की गई ड्रिप की बोतल पर नवंबर २०२५ की एक्सपायरी डेट दर्ज होने की बात पुलिस को बताई।

सीसीटीवी फुटेज में इलाज करते दिखा सतीश

मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में सतीश साहू मृतक का इलाज करते दिखाई दिया, जबकि उपचार के दौरान अस्पताल में डॉ. सरिता साहू मौजूद नहीं दिखीं। पुलिस ने कैमरों की डीबीआर जब्त कर ली है। घटनास्थल से आधी भरी ड्रिपकी बोतल, ड्रिप सेट, सुई, इंजेक्शन की खाली शीशी और दवाइयों के खाली रैपर भी जब्त किए गए हैं।

चिकित्सा विभाग की जांच में डिग्री-डिप्लोमा नहीं मिला

मामले की जानकारी मिलने पर पनागर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीपति मिश्रा ने टीम के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण रिपोर्ट में इलाजकर्ता सतीश साहू के पास चिकित्सा संबंधी कोई डिग्री या डिप्लोमा नहीं होने का उल्लेख किया गया। इसके बाद अश्वनी अस्पतालको सीलबंद कर दिया गया। पुलिस को प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक ने मृत्यु के संबंध में स्पष्ट राय नहीं देते हुए विसरा परीक्षण कराने का उल्लेख किया है। मर्ग जांच के आधार पर पुलिस ने सतीश साहू, उम्र २८ वर्ष, निवासी अश्वनी अस्पताल के विरुद्ध धारा १०५ बीएनएसके तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है। पुलिस मामलेमें आगेकी जांचकर रही है।

दो युवकों के मोबाइल लूटकर भागे बाईक सवार

जबलपुर, (एजेंसी)। केंट थाना क्षेत्र कोबरा केंटीन के आगे चर्च के सामने और एम्पायर टॉकीज के पास अज्ञात बाईक सवार लड़कों ने दो युवकों का मोबाइल झपट्टामारकर ले भागे।

केंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम विहार कालोनी पावर हाउस कोतवाली जिला सतना निवासी ४३ वर्षीय प्रापर्टी रियल स्टेट डीलर दिनेश कुमार कलवानी गत दिवस प्रापर्टी के संबंध में बात कर राजुल सिटी तिलहरी से आटो से पेंटीनाका तक आया और वहां से पैदल लवली होटल सिविल लाईन वापस जा रहा था अंधेरा होने से अपने मोबाइल की टार्च जलाकर पैदल चल रहा था रात लगभग ८ बजे कोबरा केंटीन के आगे चर्च के सामने पहुंचा, तभी पीछे से एक मोटर सायकल में दो अज्ञात लड़के आये और उसके हाथ से सेमसंग अल्ट्रा कम्पनी का मोबाइल झपटकर सृजन चौक तरफ भाग गये। जिसकी कीमत लगभग ४० हजार रूपये बताई गई है।

इसी प्रकार केंट में एमईएस कालोनी केंट निवासी फर्स्ट एमपी एनसीसी बटालियन में हवदार के पद पर पदस्थ ३४ वर्षीय प्रवीण कोले गत दिवस डयूटी हेतु नागपुर गया थर्ा डियूटी के बाद ट्रेन से नागपुर से जबलपुर स्टेशन आया एवं सुबह लगभग ६ बजे पैदल घर की ओर जा रहा था जैसे ही एम्पायर टाकीज चौराहा के पास पहुँचा तभी पीछे से बिना नम्बर की स्पेलेंडर मोटर सायकल में दो अज्ञात लड़के आये और उसके हाथ से एप्पल कंपनी का मोबाइल झपट्टा मारकर ले भागे। पीछे बैठा लडका काले रंग की शर्ट पहने तथा टोपी लगाये हुये था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा ३०४(२) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

रुपये मांगने पर मारपीट, घर में तोड़फोड़

जबलपुर, (एजेंसी)। माढ़ोताल क्षेत्र में पांच हजार रुपये की मांग पूरी न करने पर एक ड्राइवर के घर में घुसकर तोड़फोड़ की गई। सोसायटी के पीछे करमेता निवासी ३२-वर्षीय अभिषेक पटेल को ८ अक्टूबर की रात करीब ३:३० बजे करमेता के ही सौरभ विश्वकर्मा ने फोन कर मुखबिरी करते हो कहते हुए पांच हजार रुपये मांगे। मना करने पर गालीगलौज कर देख लेनेकी धमकी दी। थाना प्रभारीके अनुसार अभिषेक जब दोपहर करीब ३:३० बजे दोस्त दिलीप चौधरी के साथ घर पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला, एलईडी टीव्ही, वाशिंग मशीन, फ्रिज और अलमारी क्षतिग्रस्त थे। किराएदार पूजा नायक ने बताया कि सौरभ और मोन्टी विश्वकर्मा घर में घुसकर तोड़फोड़कर गए और रोकनेपर गाली देते हुए भाग गए। रिपोर्ट पर धारा ११८(१), ११९(१), २९६(बी), ३५१(२), ३(५) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्जकर विवेचनामें लिया गया है।

भाजपा चोरी और सीनाजोरी की राजनीति पर उतर आई : कमलनाथ

भोपाल, (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक बार फिर भाजपा को आड़े हाथ लिया है उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा है कि मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग को २०१९ में मेरी सरकार द्वारा दिया गया २७ आरक्षण षडयंत्रपूर्वक समाप्त करने के बाद भारतीय जनता पार्टी चोरी और सीना जोरीळ की राजनीति पर उतर आई है। सच्चाई यह है कि मेरी सरकार ने जनता की भलाई के लिए आरक्षण दिया था। आरक्षण की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन उसके बाद बनी भाजपा सरकारों ने कोर्ट के सामने सच्चाई रखी ही नहीं। भाजपा नेताओं के बयान में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि तब कांग्रेस सरकार ने जल्दबाजी में आरक्षण दिया। इस तरह के भ्रामक बयान अदालत के आदेश की त्र्गलत व्याख्या और अवमानना की तरह हैं। सच्चाई यह कि कांग्रेस सरकार ने २०१९ में मध्य प्रदेश विधानसभा में त्र्कानून पास करके ओबीसी वर्ग को २७ आरक्षण दिया था, जो पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करके दिया गया था। २०२० से प्रदेश में भाजपा की सरकारें हैं, इन ६ साल में भाजपा ने जानबूझकर ओबीसी जनसंख्या के सही आंकड़े न्यायालय के सामने नहीं रखे। भाजपा सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह अदालत में मामले को पुरज़ोर ढंग से रखें, लेकिन भाजपा नेताओं के बयानों से लगता है कि २०१९ में हमने जो आरक्षण दिया उसके बाद से उस आरक्षण के संरक्षण के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया। अगर भाजपा नेता जो कह रहे हैं उसे सच मान लें तो स्पष्ट है कि भाजपा ने पिछले ६ साल में अदालत के सामने ओबीसी का पक्ष रखा ही नहीं है। अगर, भाजपा में ओबीसी वर्ग के प्रति जरा भी संवेदनशीलता है तो तुरंत सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाए और साथ ही विधानसभा में नया कानून पारित कर २७ आरक्षण बहाल करे।

लापता वकील का शव रेल्वे ट्रैक पर मिला, पुलिस को हादसे की आंशका

परिजनो ने लगाये अनहोनी के आरोप, की दोबारा पीएम की मांग

भोपाल, (एजेंसी)। राजधानी में बीते पांच दिन से संदिग्ध हालत में लापता हुए युवा अधिवक्ता विशाल रमणानी का शव भोपाल रेलवे स्टेशन के करीब रेलवे ट्रैक पर मिला। मौत हो लेकर जहाँ परिजनो ने अनहोनी की आंशका जताई है, वहीं पुलिस की शुरुआती जाँच में यह हादसा नजर आ रहा है, हालांकि पुलिस का कहना है की परिजनो द्वारा लगाये गये आरोपो के आधार पर अन्य बिंदुओ पर भी छानबीन की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ईरानी मार्केट स्थित मकान नंबर ११ में रहने वाले विशाल रमणानी (२९) पिता जय किशन रमणानी एडवोकेट थे, और भोपाल जिला कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। परिवार वालो का कहना है की ५ अक्टूबर को विशाल शाम करीब ७ बजे घर आए और रात करीब १०:३० बजे जब विशाल बाहर घूमने के लिए घर से बाहर चले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे तब परिवार वालो ने उसकी खोजबीन शुरु की। रात करीब १२ बजे जब फोन लगाने पर विशाल का मोबाइल बंद मिला। तलाश के दौरान विशाल का मोबाइल घर के पास खड़ी एक्टिवा की डिग्गी में रखा मिला था। इसके बाद जब परिजनों को काफी खोजबीन के बाद भी उनकी कोई जानकारी नहीं लगी तब उनकी बहन गरिमा रमणानी ने हनुमानगंज थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा १४०(३) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। परिजनों के मुताबिक, रात करीब ११ बजे विशाल को उनके दोस्त राजू सरदार के साथ कॉलोनी में घूमते देखा गया था। पुलिस पड़ताल के दौरान पता चला की ६ अक्टूबर की सुबह भोपाल स्टेशन के करीब रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला था। शुरुआती प्रयासो में शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद उसे दफना दिया था। पुलिस जॉच में परिवार वालो ने शव की पहचान लापता विशाल के रूप में की। शव मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए जीआरपी ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस की शुरुआती जॉच में वकील की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना सामने आया था। लेकिन परिजनों ने उसके साथ अनहोनी की आंशका जताई है। क्योंकि बीते दिनो कोर्ट में जान से मारने की धमकी दी गई थी। और इसके बाद अगले ही दिन वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजनो में दोबारा से पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। मृतक के साथी अधिवक्ता जगदीश छवानी ने मृतक का दोबारा पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की है।

टीन शेड काटकर किराना दुकान खाली कर ले गए चोर

जबलपुर, (एजेंसी)। बेलबाग थाना अतंर्गत गुरंदी गल्ला बाजार स्थित सुशील किराना दुकान की टीन शेड काटकर अज्ञात चोर १ लाख का कीमती किराना का सामान चोरी कर ले गए। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएनबी कालोनी चेरीताल कोतवाली निवासी ४० वर्षीय सौरभ साहू गत रात लगभग ९ बजे गुरंदी गल्ला बाजार बेलबाग स्थित सुशील किराना दुकान में ताला लगाकर घर चला गया थर्ा दूसरे दिन सुबह लगभग ८.३० बजे दुकान आकर ताला खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गएर्ा अज्ञात चोर दुकान का टीन शेड ऊपर से काटकर दुकान में रखा किराना सामान ५ जार १५ लीटर वाले तुलसी कम्पनी का तेल, २ पेटी तेल पाउच, ३० किलो राहर दाल वाले २ बैग, १० किलो वाले इंडिया गेट कम्पनी के चावल के १० थैला, १ किलो वाले २ पेटी दावत के चावल, ५ किलो वाले आटा के १० पैकेट, १ पेटी पतंजली पेस्ट, १ किलो वाले इंडिया गेट चावल की पेटी, ५ पीस ५ लीटर वाले तुलसी कम्पनी के तेल का जार, १० किलो वाले राहर दाल के १० थैला तथा केश काउण्टर में रखे लगभग ७ हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

गाड़ी टच होनेकी बात पर विवाद, मारपीट व तोड़फोड़

जबलपुर, (एजेंसी)। गढ़ा थाना अतंर्गत चौधरी मोहल्ला दुर्गा मंदिर के सामने गाड़ी टच होने की बात पर बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन कालोनी संजीवनीनगर निवासी २२ वर्षीय राहुल सिंह गत रात लगभग ११ बजे अपने दोस्त की कार क्रमांक एमपी ४३ जेडए ०२५२ से धनवंतरीनगर से अपने साथी के साथ घर चंदन कालोनी जा रहा था चौधरी मोहल्ला दुर्गा मंदिर के सामने देवी सायकल मार्ट की तरफ से एक ट्राला में दुर्गा जी ले जा रहे थे जो उससे गाड़ी साईड में करने बोले, वह अपनी गाड़ी रिवर्स कर रहा था तभी शराबी ललित कोरी से उसकी गाड़ी टच हो गयी, इसी बात पर ललित और उसके चार साथी उसके साथ गालीगलौज करने लगे, मना करने पर मारपीट कर उसकी गाड़ी में पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा ११५(१), १९०, २९६(बी), ३५१(२), ३२४(४) बीएनएस का अपराध पंजीबद्धकर विवेचनामें लिया गया।

हिरण पुल पर ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

जबलपुर, (एजेंसी)। खितौला क्षेत्र में हिरण पुल पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। ९ अक्टूबर को सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को रेलवे अपलाइन पोल क्रमांक १०२५/१९ के पास शव मिला। मझगवां निवासी और खितौला स्टेशन पर ट्रैकमैन के पद पर पदस्थ ३२-वर्षीय नीरज कुमार दाहिया ने बताया कि मृतक की उम्र करीब ४५ वर्ष है और उसकी ट्रेन से टकराने से मृत्यु हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शिनाख्त और जांच शुरू कर दी है।

सिंगवासा तालाब के पास सनसनीखेज वारदात: ३३ वर्षीय युवक की बेरहमी से गला रेंतकर हत्या

गुना, (एजेंसी)। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगवासा तालाब के निकट एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बीती शाम अज्ञात बदमाशों ने एक ३३ वर्षीय युवक की धारदार हथियार से गला रेंतकर निर्ममता से हत्या कर दी। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में भारी दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नानाखेड़ी स्थित वेयरहाउस पर हमाली का काम करने वाले नवनीत उर्फ नव्बू गोस्वामी (३३ वर्ष) के रूप में हुई है, जो गुना के ही हनुमंता इलाके का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि नवनीत पिछले एक दिन से अपने घर से निकला हुआ था और वापस नहीं लौटा था। शुक्रवार शाम सिंगवासा तालाब के पास उसका शव मिलने से हड़कंप मच गया। हत्यारों ने बेरहमी से उसका गला रेंतकर मौत के घाट उतार दिया।

पत्नी और परिजनों के गंभीर आरोप

इस सनसनीखेज मामले में मृतक की पत्नी ने सनसनीखेज खुलासे किए हैं। पत्नी का दावा है कि बीती रात करीब साढ़े आठ बजे उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था, जिसमें उसे खुलेआम धमकी दी गई थी कि उसके पति को मार दिया गया है। इतना ही नहीं, मृतक की पत्नी ने खेजरा रोड पर रहने वाली एक महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नवनीत के उस महिला के साथ संबंध थे और उसी महिला ने उसे फोन करके बुलाया था, जिसके बाद सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या करवा दी गई। वहीं, मृतक के भाई ने भी इस हत्याकांड में चार से पांच लोगोंके शामिल होने की आशंका जताई है और पुलिस के सामने कुछ संदिग्धोंके नाम भी उजागर किए हैं।

पुलिस की जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मु... स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने रक्तरंजित शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया, जहां शनिवार को डॉक्टरों की टीम द्वारा पीएम कराया गया। पुलिस ने परिजनों के बयानों और कॉल डिटेल के आधार पर मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से एक्टिवा सवार दो बहनें घायल

जबलपुर, (एजेंसी)। माढ़ोताल क्षेत्र में कटंगी रोड पर कार ने एक्टिवा में टक्कर मार दी, जिससे दो बहनें घायल हो गईं। बृंदाबन कॉलोनी, मदर टेरेसा माढ़ोताल निवासी २१-वर्षीय अलीशा यादव, जो गोल बाजार के वेल्थ ग्रुप स्टॉक मार्केट में काम करती हैं, ९ अक्टूबर की सुबह बहन तनिष्का को पीछे बैठाकर एक्टिवा (एमपी २० एस.आर. ८३८५) से ऑफिस जा रही थीं।

थाना प्रभारी के अनुसार सुबह करीब १०:३० बजे बालाजी अस्पताल के पास रॉयल स्टेट कॉलोनी के सामने सामने से आ रही कार (एमपी २० सीबी ३०६२) का चालक तेज गति और लापरवाही से अचानक कॉलोनी की ओर मुड़ा और एक्टिवा से टकरा गया। दोनों बहनें गिर गईं और हाथ-पैर, सिर व शरीर में चोटें आईं। राहगीरों की मदद से उनका बालाजी अस्पताल में इलाज कराया गया। रिपोर्ट पर धारा २८१, १२५(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

गढ़ा थाना क्षेत्रमें चाकूबाजी की वारदातों में दो घायल

जबलपुर, (एजेंसी)। गढ़ा थाना क्षेत्र में बीटी तिराहा और प्रेमनगर सत्यम होटल मोड़ इन रोड तिराहा पर बदमाशों ने जबरन रुपए की मांग करते हुए दो युवकों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीटी तिराहा निवासी २३ वर्षीय निक्की मरावी गत रात लगभग ११.४५ बजे घर के पास बन रहे दुर्गा जी के पंडाल के पास खड़ा था, तभी नब्बे क्वाटर संजीवनीनगर निवासी अंशु ठाकुर एक्सिस से आया और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर गालीगलौज कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा ११८(१), ११९(१), २९६(बी), ३५१(२), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह सतनाम साक्षी कम्पाउंड गौरीघाट निवासी २० वर्षीय स्विगी डिलेवरी ब्वॉय जीत सोनी गत रात लगभग ११.१५ बजे सागर गैरी होटल से पार्सल लेकर एलआईसी बग्गा इन होटल अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी २० जेड आर ८६७८ से जा रहा था जैसे ही प्रेमनगर सत्यम होटल मोड़ इन रोड तिराहा पहुंचकर गाड़ी खड़ी कर कस्टमर से मोबाइल पर बात करने लगा, तभी काले रंग की पल्सर मोटर सायकल में मदनमहल तरफ से २ लड़के आये और उससे शराब पीने के लिये ५०० रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज व मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा ११८(१), ११९(१), २९६(बी), ३५१(२), ३(५) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पंचायत भवन के पास युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग

कंधे में लगी गोली; तीन नामजद सहित छह पर मामला दर्ज

गुना, (एजेंसी)। कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम रिछेरा में शुक्रवार रात एक युवक पर जानलेवा हमला हो गया। खेती-किसानी का काम करने वाला रवि जाट काम निपटाकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पंचायत भवन के पास छह लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। पहले गाली-गलौज और मारपीट की गई, फिर वह जान बचाकर भागा तो पीछे से फायरिंग कर दी गई। एक गोली उसके कंधे में जा लगी। घायल हालत में रवि वहीं गिर पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

रवि जाट ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात वह काम खत्म कर घर लौट रहा था। पंचायत भवन के पास पहुंचते ही कश्मीरा जाट, छोटू रघुवंशी, रवि और उनके साथ मौजूद तीन अन्य लोगों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि सभी ने पहले विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। वह किसी तरह उनके चंगुल से निकलकर भागा तो पीछे से गोलियां चलाई गईं।

रवि का कहना है कि हमलावरों ने कई राउंड फायर किए। उसने दुनाली बंदूक और पिस्टल से गोली चलने की बात भी कही है। भागते समय एक गोली उसके कंधे में लगी। हालांकि गोली किस आरोपी ने मारी, यह वह नहीं देख पाया।

घटना की जानकारी सबसे पहले गांव के एक व्यक्ति ने रवि के भाई गोलू जाट को दी। गोलू अपने पिता के साथ पंचायत भवन के पास पहुंचा। तब तक पुलिस भी मौके पर आ चुकी थी। घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक शैफा हाशमी के अनुसार डायल-एक सौ बारह को घटना की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में युवक को गोली लगने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कश्मीरा जाट, छोटू रघुवंशी, रवि सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

कैंट पुलिस अब घटनास्थल की जांच के साथ आरोपियों की तलाश कर रही है। घायल युवक के विस्तृत बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि हमले के पीछे पुरानी रंजिश थी या कोई अन्य विवाद।

कांग्रेस २७ ओबीसी आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ेगी

भोपाल, (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में २७ प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर ओबीसी वर्ग के अधिकारों की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और न्यायालय में कमजोर पैरवी के कारण ओबीसी आरक्षण का मामला लगातार उलझा हुआ है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि ओबीसी वर्ग को २७ प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए कानूनी और लोकतांत्रिक स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

प्रेसवार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व विधायक राजकुमार पटेल, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष विभा पटेल तथा पूर्व प्रवक्ता आनंद जाट उपस्थित रहे।

आनंद जाट ने १९८३ से २०२६ तक का घटनाक्रम प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया

प्रेसवार्ता में कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता आनंद जाट ने प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से वर्ष १९८३ से २०२६ तक ओबीसी आरक्षण से जुड़े घटनाक्रम की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उन्होंने महाजन आयोग की रिपोर्ट पर निर्भरता, पुराने आंकड़ों, सीमित सर्वेक्षण तथा आरक्षण की ५० प्रतिशत सीमा से संबंधित कानूनी पहलुओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ओबीसी आरक्षण के समर्थन में व्यापक, अद्यतन और विश्वसनीय आंकड़े जुटाने के लिए प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए। कांग्रेस ने सरकार से सवाल किया कि अब ओबीसी समाज को २७ प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए आगे क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि देश में वोट चोरी और मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार से जवाब मांग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज से समर्थन तो लिया, लेकिन उसके अधिकारों की रक्षा के लिए अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई।

श्री सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री कभी सर्वदलीय बैठक तो कभी न्यायालय की बात करते हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि सरकार ने न्यायालय में ओबीसी आरक्षण के पक्ष में अपना पक्ष कितनी मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का विस्तार से अध्ययन करने पर कई गंभीर सवाल सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय के १५९ पृष्ठों के आदेश में पुराने आंकड़ों की प्रासंगिकता, व्यापक और ठोस आंकड़े जुटाने तथा विभिन्न वर्गों के तुलनात्मक अध्ययन जैसे मुद्दों पर सवाल उठाए गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार पर्याप्त प्रमाण प्रस्तुत करने और आरक्षण के समर्थन में ठोस आधार रखने में विफल रही।

श्री सिंघार ने कहा कि प्रदेश की लगभग ७.२६ करोड़ आबादी के संदर्भ में महज १० हजार लोगों के सर्वेक्षण के आधार पर व्यापक सामाजिक स्थिति का आकलन किए जाने पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार ने आंकड़ों के संग्रह और अध्ययन पर खर्च किए गए संसाधनों के बावजूद न्यायालय के सामने प्रभावी ढंग से अपना पक्ष क्यों नहीं रखा। उन्होंने शैक्षणिक स्थिति से जुड़े आंकड़ों, अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण और सरकार की रिपोर्ट के बीच कथित अंतर पर भी सवाल उठाए। साथ ही कहा कि इंदिरा साहनी मामले में निर्धारित आरक्षण संबंधी सिद्धांतों के अनुरूप सरकार को अपने पक्ष में पर्याप्त आधार प्रस्तुत करना चाहिए था। श्री सिंघार ने कहा कि यदि स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां और आरक्षण से संबंधित प्रक्रियाएं समय पर आगे बढ़तीं, तो ओबीसी वर्ग को लाभ मिलने की स्थिति बन सकती थी। उन्होंने सरकार से जवाब मांगा कि आरक्षण के इस गंभीर मामले में आवश्यक तैयारी और प्रभावी पैरवी क्यों नहीं की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार ने ओबीसी वर्ग को २७ प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए आवश्यक गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष और आंकड़े प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करनेमें विफल रही, जिसका खामियाजा ओबीसी समाजको भुगतना पड़रहा है।

श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की ओबीसी आरक्षण को लेकर नीतियों और कार्यप्रणाली में अंतर है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में श्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान २७ प्रतिशत आरक्षण की पहल की गई थी, जबकि भाजपा के विभिन्न मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल में इस दिशा में अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने आरक्षण के मामले में कानूनी पैरवी पर भारी खर्च किया, लेकिन इसके अनुरूप ठोस परिणाम सुनिश्चित नहीं किए। उन्होंने वकीलों की फीस और एक सुनवाई पर होने वाले खर्च को लेकर भी सवाल उठाए। श्री पटवारी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने कांग्रेस के वकीलों को भी पैरवी में शामिल करने का सुझाव दिया था, लेकिन सरकार ने इस सुझाव पर क्या निर्णय लिया, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए।

भोपाल के २८९ अनाथ बच्चों की २१ लाख रुपये से अधिक स्कूल फीस भरेगा वक्फ बोर्ड

भोपाल, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल में रहने वाले २८९ अनाथ बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए उनकी स्कूल फीस जमा कराएगा। इसके लिए बोर्ड २१ लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगा। प्रत्येक बच्चे की फीस के लिए अधिकतम १० हजार रुपये दिए जाएंगे। फीस की राशि १३ अक्टूबर को वक्फ बोर्ड कार्यालय परिसर स्थित यतीमखाना ग्राउंड में दी जाएगी। बोर्ड के मुताबिक, यह पहल यतीमखाना संपत्ति से होने वाली आय से की जा रही है। दानदाता की शर्त के अनुसार इस आय का उपयोग जरूरतमंद अनाथ बच्चों की शिक्षा पर किया जाना है। इसके लिए बोर्ड ने समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन आमंत्रित किए थे। दो बार विज्ञापन जारी करने के बाद मिले आवेदनों की जांच की गई और २८९ बच्चों को सहायता के लिए पात्र पाया गया।

संपत्ति की आय से शिक्षा पर खर्च

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने बताया कि बोर्ड का प्रयास है कि आर्थिक परेशानी के कारण किसी अनाथ बच्चे की पढ़ाई न छूटे। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों से प्राप्त आय का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए किया जा रहा है। उनके अनुसार, वक्फ संपत्तियों से आय बढ़ने के बाद बच्चों की शिक्षा के लिए इतनी बड़ी संख्या में सहायता देना संभव हुआ है। पटेल का कहना है कि इस पहल से बच्चों की स्कूल फीस का बोझ कम होगा और उनकी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी।